संक्षिप्त

साइबर-फ्रॉड मामले दो ठग गिरफ्तार

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन हंटर के तहत जिला स्पेशल टीम ने पुरानी टोंक थाना क्षेत्र से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो बाईक व अन्य सामान जब्त किए। इस दौरान डीएसटी टीम ने ऑपरेशन हंटर के तहत साइबर ठगी के मामले में कार्यवाही करते हुए 90 लाख रुपए के फ्रॉड का खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबाइल पर फर्जी लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे और 100 से ज्यादा फर्जी सिम का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से पासबुक, एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, कई मोबाइल, साथ ही दो महंगी बाइके जब्त की है। इन आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध एनसीआरपी पोर्टल पर करीब 21 ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कह है तथा दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ जारी है साथ ही साइबर नेटवर्क की गहनता से जांच भी की जा रही है। इस कार्यवाही में टीम ने आरोपी नमोनारायण उर्फ नमो पुत्र रामफूल मीणा उम्र 19 साल एवं आकाश पुत्र रामेश्वर मीणा उम्र 20 साल निवासी खोहल्या थाना बनेठा को गिरफ्तार किया है।

अभय सैनी शाहपुरा सम्मानित

शाहपुरा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित 12 वीं बोर्ड विज्ञान वर्ग में होनहार छात्र अभय सैनी पुत्र विजय सैनी शाहपुरा ने 94.20 अंक प्राप्त कर शाहपुरा का नाम रोशन किया है। अभय सैनी जनता बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय न्यू कॉलोनी शाहपुरा का छात्र है। शनिवार को अभय सैनी का दी बार एसोसिएशन शाहपुरा जिला जयपुर राजस्थान के पूर्व कोषाध्यक्ष व आम आदमी पार्टी के शाहपुरा विधानसभा के ब्लाक अध्यक्ष, माली सैनी महासभा जयपुर देहात के उपाध्यक्ष शाहपुरा तहसील, नोटरी पब्लिक भारत सरकार एडवोकेट महेश कुमार सैनी नायन ने स्वागत किया। इस दौरान हिमांशु सैनी नायन, समाज सेविका ममता सैनी, तनिष्का सैनी, सोनम सैनी, अनिष्का सैनी, तनिष्का सैनी, गुरुदेव डीजे साउण्ड के प्रोपराइटर इंद्रराज सैनी, अर्जुन लाल सैनी मेडिकल नायन ने स्वागत कर बधाई। अभय सैनी के पिता विजय सैनी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएम आवास का करेगें घेराव

दौसा (निसं.)। राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर 8 अप्रैल को प्रदेश भर के ग्राम विकास अधिकारी अपनी मांगो के समर्थन में सीएम आवास का घेराव करेगें। जिला मंत्री मुकेश चन्द मीणा ने बताया कि राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के चलाये जा रहे पदोन्नित नहीं तो काम नहीं आंदोलन के तहत 23 मार्च को संपूर्ण राजस्थान में प्रत्येक ज़िला मुख्यालय पर ज़िला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के मार्फ़त मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, केबिनेट मंत्री मदन दिलावर के नाम ग्राम विकास अधिकारियो को पदोन्नित दिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे गए थे। लेकिन अभी तक सरकार ने ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग की महत्वपूर्ण मांग पदोन्नित एवं केडर स्ट्रेंथन पर कोई कार्यवाही नहीं की है, जिससे ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग में रोष है।

अमृत भारत योजना के तहत फुलेरा रेलवे स्टेशन की कब बदलेगी तस्वीर

फुलेरा। रेलवे विभाग की ओर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों ने जहां स्टेशन की तस्वीर बदलने की उम्मीद जगाई है, वहीं फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पिछले तीन सालों से धीमी गति से हो रहे काम के कारण रेलयात्रियों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है साथ ही रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं को भी तरसना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि फुलेरा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 6 अगस्त 2023 को वर्चअल शिलान्यास किया गया था, तब से निर्माण कार्य चल रहा है और अभी कार्य गति को देखते हुए पूरा कार्य होने में लगभग एक वर्ष और लगने की सम्भावना जताई जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के अंतर्गत इस योजना में फुलेरा स्टेशन का पुनर्विकास करीब 34.38 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

फुलेरा जंक्शन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से अधर-उधर भटकना पड़ता है।

- धीमी रफ्तार कार्य के चलते 3 वर्षों से रेलयात्री हो रहें परेशान

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जयपुर पूजा मित्तल के अनुसार, स्टेशन पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही हैं और पुरानी सुविधाओं का उन्नयन किया जा रहा है। स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1, 4 और 5 को हाई लेवल किया जा चुका है, वहीं प्लेटफॉर्म नंबर 5 का विस्तार भी किया गया है। नई बिल्डिंग में बुकिंग ऑफिस चालू कर दिया गया है। साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, विश्रामालय, वीआईपी कक्ष और अलग-अलग प्रवेश-निकास द्वारों का निर्माण लगभग पूर्ण बताया जा रहा है। साथ ही 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के गर्डर लॉन्चिंग का कार्य जारी है और नए भवन को हेरिटेज लुक देने की योजना है। फुलेरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पांच प्लेटफार्म बने हुए हैं, परंतु मूत्रालय व शौचालय की व्यवस्था तक नहीं है। प्लेटफार्म संख्या 2-3 के मध्य जयपुर की ओर मात्र एक शौचालय बना हुआ है। जानकारी अनुसार फुलेरा रेलवे स्टेशन के मुख्य प्लेटफार्म 2 व 3 की कुल लम्बाई लगभग 800 मीटर है, जिसके एक छोर पर शौचालय बना हुआ है। 20 से 24 डिब्बों की ट्रेन जिसकी लम्बाई भी लगभग 500-550 मीटर के आसपास होती है। इन ट्रेनो में यात्रा करने वाले मुसाफिरों को शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि फुलेरा जंक्शन से जयपुर, अजमेर, रींगस व जोधपुर की ओर यानि चारों दिशाओं में रेलयात्रा की जा सकती है।

होली स्नेह मिलन मनाया

टोंक। नगरफोर्ट क्षेत्र के मांडकला में अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें समाज की धर्मशाला के जीर्णोद्धार की रूपरेखा बनाई गई। कार्यक्रम में भामाशाहों ने लाखों रुपए सहयोग की घोषणा की, इस समारोह में समाज के लोगों ने भाग लिया और वक्ताओं ने शिक्षा व सामाजिक सुधार पर जोर दिया। कार्यक्रम में टोंक सहित बूंदी और सवाई माधोपुर के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने करते हुए कहा कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने बच्चों की पढाई पर ध्यान देने और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की बात कही। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएल नवल ने अंधविश्वास से दूर रहने और उच्च शिक्षा पर जोर दिया। वही जिलाध्यक्ष शंकर लाल हाथीवाल ने समाज में कुरीतियां खत्म करने और सामाजिक व राजनीतिक एकता मजबूत करने की बात कही।

'घरेलू व व्यावसायिक सिलेंडर नहीं मिलने से उधोग-धंधे बंद व आमजन परेशान'

कोटपूतली। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व राजस्थान विधानसभा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के राजधानी जयपुर से खैरथल- तिजारा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने जाते वक्त कोटपूतली आगमन पर पूतली कट के पास कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष, कांग्रेस नेता व पूर्व पार्षद तारा पूतली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका साफा व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर डोटासरा व जूली ने राज्य सरकार पर जमकर निषाने साधे। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि प्रदेश में गैस की कमी है तो लोगों से कम उपयोग की अपील करें। वर्तमान हालातों का असर उधोगों पर ही नहीं बल्कि आम आदमी पर भी पडा हैं।

अगर सरकार अपील करेगी तो लोगों सहयोग करेंगें। कोरोना काल में तो इनके कहने पर ताली- थाली भी बजा

- पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष जूली का स्वागत, डोटासरा व जूली ने राज्य सरकार पर जमकर साधे निशाने

ली थी। देश की जनता एकजुट होकर सहयोग करना चाहती हैं, लेकिन ये लोग पैनिक क्रिएट कर रहे हैं, जिससे गैस की कालाबाजी हो रही हैं।

पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि घरेलू व व्यावसायिक सिलेंडर नहीं मिलने से उधोग बंद हो चुके हैं एवं आमजन परेशान हैं। उधोग बंद होने से मजदूर वापस जा रहे हैं क्योंकि ना तो उनके रहने की व्यवस्था हैं एवं ना ही खाने- पीने की, पीएम मोदी की विदेश नीति फैल हैं, देश व प्रदेश की डबल इंजन सरकार असफल साबित हो चुकी हैं। दोनों नेताओं ने बेरोजगारी, पंचायती राज व निकाय चुनावों पर राज्य सरकार को जमकर घेरते हुये कहा कि भजन लाल सरकार पूर्णतया: विफल साबित हो चुकी हैं।

इस दौरान कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, जिला उपाध्यक्ष अमरसिंह गुर्जर, कमलेश मीणा, रवि मीणा, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप कसाना, दारासिंह कसाना, संदीप डेलीगेट, महेंद्र पूतली, भूपसिंह पूतली, देशराज आर्य, आर्यन, मौसम आर्य, रवि सेहरा, मोहित शेखावत, मोहित सैनी, सच्ची टोरडा, देवराज पावटा, सुरेन्द्र मीणा, नरेश सैनी, सुनील कुमार, कुलदीप जाट, अंकित शर्मा, हेमंत शर्मा, योगेन्द्र शेखावत, आशीष खेडा, सावन मीणा, अरुण मीणा, जीतू राजपूत, संजय खेडा, रूप स्वामी, रमेश सैनी ठेकेदार, अनिल अमाई, सोनू जांगिड़ समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

फसलों में 50 प्रतिशत तक नुकसान

रुदावल भरतपुर, (निस)। रुदावल क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम आए तेज अंधड़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। तेज अंधड और ओलावृष्टि से किसानों की फसलों में भी भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के गांव कोठीखेड़ा एवं संतोकपुरा, कंजौली, माडापुरा, नगला बोसोली सहित लगभग सभी गांवों में अंधड व बारिश, ओलावृष्टि से किसानों का काफी नुकसान हुआ है।

अंधड के कारण काफी संख्या में विद्युत पोल टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। पोल टूटने से बदहाल हुई विद्युत आपूर्ति कुछ ठामीण क्षेत्रों में शनिवार शाम तक भी सुचारु नहीं हो पाई। ठाम संतोकपुरा के पास पेड़ के टूटने से बाइक सवार गांव संतोकपुरा निवासी हरी सिंह मीना के सिर में गंभीर चोट आई है। गांव संतोंकपुरा में ही घर में पेड़ की डाली टूटकर गिरने से राजू प्रजापत के पैर में गंभीर चोट आई है।

अतिक्रमण हटाने से पहले हटाया सामान

भरतपुर (निस)। भरतपुर नगर निगम की टीम की ओर से शनिवार को रेड क्रॉस सर्किल के पास अतिक्रमण हटाया गया। यहां टीम ने 4 दुकानों और 1 गोदाम को तोड़ा।

यह जमीन ट्रस्ट के नाम थी, जिस पर दुकान और गोदाम बनाकर कॉमर्शियल यूज लिया जा रहा था। नगर निगम के आयुक्त श्रवण विश्नोई ने बताया कि रेड क्रॉस सर्किल के पास कुछ जमीन एक ट्रस्ट को दी गई थी। इसका धार्मिक तरीके से उपयोग करना था। इसमें धर्मशाला, सत्संग भवन बनाया जाए लेकिन, उस जमीन का कमर्शियल उपयोग किया जा रहा है। इसे लेकर हमारे पास शिकायत आई थी। जमीन पर कब्जर करने वाले लोगों को 10 दिन पहले नोटिस दिया गया था। लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद शनिवार को नगर निगम की टीम खुद मौके पर पहुंची और बुलडोजर से सभी पक्के निर्माण को तोड़ा गया। जमीन पर लोग स्टे लेकर आए थे। इसलिए ड्रेनेज और सड़क का काम रुका हुआ था। अतिक्रमण हटाने के बाद ड्रेनेज और सड़क का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। 4 दुकानें और एक गोदाम को तोड़ा गया है। जमीन को पूरी तरह के खाली करवाया जा रहा है। निर्माण तोड़ने से पहले दुकानों को खाली करवाया गया है। कार्रवाई के दौरान कुछ दुकान वालों ने नगर निगम की टीम का विरोध किया। उनका कहना था कि सोमवार तक नगर निगम समय दे। नगर निगम को इस बात का डर था की अतिक्रमणकारी फिर से स्टे नहीं ले आये। उससे पहले नगर निगम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

नाले के अवरोध से सड़क बनी तालाब

पावटा। प्रागपुरा कस्बे में सीताराम मंदिर के पास मुख्य सड़क नाले के अवरोध के चलते गंदे पानी से लबालब भर गई है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालात इतने खराब हैं कि सडक अब तालाब जैसी नजर आने लगी है और लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर 181 हेल्पलाइन पर चार बार शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। प्रशासन की इस उदासीनता से लोगों में रोष व्याप्त है।

पावटा में रेहड़ियों को शिफ्ट किया

पावटा। कस्बे में अतिक्रमण व यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से प्रशासन ने बडी कार्रवाई करते हुए पावटा कस्बा स्थित बस स्टैंड, नालों के किनारे लगी फल-फ्रूट की रेहड़ियों को हटाकर अन्य स्थान नवोदय कट के पास शिफ्ट किया। कार्रवाई के दौरान नगरपालिका व प्रशासनिक टीम मौके पर मौजूद रही और रेहड़ी संचालकों को वैकल्पिक स्थान पर जाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा बस स्टैंड को भी अस्थायी रूप से अन्य स्थान पर शिफ्ट करने का निर्णय लेते हुए सब्जी मंडी कट के सामने व नवोदय कट के सामने शिफ्ट किया, ताकि क्षेत्र में यातायात का दबाव कम किया जा सके और जाम की समस्या से राहत मिल सके। हालांकि इस फैसले को लेकर आमजन व यात्रियों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। कार्रवाई के बावजूद स्थानीय लोगों में नाराजगी भी सामने आई। नागरिकों का कहना है कि जहां छोटे व्यापारियों पर सख्ती दिखाई जा रही है, वहीं दोनों अंडरपास के पास लंबे समय से हो रही वाहनों की अवैध पार्किंग पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का आरोप है कि अवैध पार्किंग के कारण रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों व यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रहे।

मां शाकंभरी की पावन धरा पर पहली दफा होगा

सांभरझील, (निसं)। यहां मां शाकंभरी की अनुकंपा से नंदीकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप व्यास की शुद्ध इच्छा शक्ति व सात्विक प्रयासों के परिणाम स्वरूप सांभर की ऐतिहासिक व धार्मिक भूमि पर विप्र फाउंडेशन की नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी का भव्य अभिनंदन समारोह आगामी 12 अप्रैल को इतिहास में दर्ज होने जा रहा है।

- दिल्ली के पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा हास्य कवि सहित राष्ट्रीय स्तर की हस्तियां करेंगी शिरकत

इसके लिए सभी विप्र बंधुओं को समरोह में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराने हेतु खास अनुरोध किया गया है। विप्रो फाउंडेशन के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास बताते हैं कि यह सांभर के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की ओर से उन्हें इस अभिनंदन समारोह के प्रोठाम को ऑर्गेनाइज करने की खास जिम्मेदारी दी गई है। मुझे उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि सभी विप्र बंधु हर्ष और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम की भव्यता को चार चांद लगाने में अपना खास योगदान देंगे। मां शाकंभर मंदिर प्रबंधन न्यास के अध्यक्ष कुलदीप व्यास बताते हैं कि विप्र शिरोमणि सुशील ओझा के सानिध्य में सभी को नई ऊर्जा तो मिलेगी ही साथ ही उनका मार्गदर्शन व सहयोग अविस्मरणीय रहेगा। अभिनंदन समारोह में संरक्षक व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा "गुरुजी" व विप्रो फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली का आशीर्वचन व विप्र बांधुओ को दिया जाने वाला संदेश समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगा।

डॉ. विवेक भारद्वाज सम्मानित

भरतपुर (निस)। भरतपुर संभाग के जगन्नाथ पहाड़िया मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल पद पर नियुक्त होने पर फिजिशियन डॉ. विवेक भारद्वाज का स्वागत सम्मान किया गया। मुखर्जी नगर पर उनके निज निवास पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा की नेतृत्व में भरतपुर के आराध्यदेव बिहारी जी काप्रतीक चिन्ह, पटका एवं माला भेंट कर स्वागत सम्मान किया एवं डॉ. विवेक भारद्वाज को पदभार ठाहण करने पर हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। इस ऐतिहासिक अवसर पर कौशलेश शर्मा ने कहा कि भरतपुर के किसी डॉक्टर का इतने बड़े कॉलेज में प्राचार्य के रूप में नियुक्त होना बडे ही हर्ष का विषय है। ऊँचे पद पर पहुँचकर भी जमीन से जुडे रहना डॉक्टर साहव के व्यक्तित्व को निखारता है भारद्वाज जी समाज के सच्चे नायक हैं क्योकि जीवन में विचार और व्यवहार दो ही चीजें हैं जो. इंसान के व्यक्तित्व को निखार देती है दोनों ही गुण डॉक्टर साहब में समाहित है। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, केदार नाथ पाराशर आदि मौजूद थे।

नगर परिषद के हालात बेहाल, मुख्य सड़कों पर भरा नालियों का गंदा पानी

कोटपूतली। कस्बे में सफाई व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। नगर परिषद की लापरवाही के चलते मुख्य सडकों पर नालियों का गंदा पानी भरा रहने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ गये हैं। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंसल ने नाराजगी जताते हुये बताया कि श्रीराम भवन एवं कस्बे के सबसे बड़े राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय के पास स्थित नालों में भारी गंदगी जमा है। जगह-जगह टूटी हुई नालियों के कारण गंदे नालों का पानी लगातार सड़कों पर बह रहा है। इससे छात्रों, अभिभावकों व राहगीरों को काफी असुविधा हो रही है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रफुल्ल रमन ने बताया कि नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था के लिये प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये का टेंडर जारी किया जाता है। इसके बावजूद धरातल पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई नजर आ रही है। नगर परिषद द्वारा नालों की सफाई के टेंडर अलग से किये जा चुके हैं, बावजूद इसके वार्डों में सफाई नहीं हो रही है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि अनिल शरण बंसल ने बताया कि वार्ड नं. 19 एवं नगर परिषद पार्क के पीछे नालियों में बदबूदार गंदा पानी भरा हुआ है, जरा सी बारिश आते ही नालियों का गंदा बदबूदार पानी सड़कों पर आ जाता है। वार्ड नं. 18 के पूर्व पार्षद प्रमोद गुरुजी का आरोप है कि सफाई ठेकेदार के पास टेंडर के अनुसार आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं।

कोटपूतली कस्बे में सफाई व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बदतर होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

- स्वास्थ्य संबंधी बढ़ रहे खतरे, नगर परिषद प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कार्यवाही की मांग

खोया पाया

मेरे भूखण्ड संख्या 25 रजनी विहार अजमेर रेड, जयपुर का सोसायटी पट्टा एवं रसीद कहीं गुम हो गये है सूचित करें-आलोक अग्रवाल-9829069113

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर नगर जोन) नगर निगम जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ.55(1)वि.जोन/न.नि.ज./2026/14
सार्वजनिक सूचना दिनांक-02.04.2026
भूखण्ड सं. 243 चाँद विहारी नगर, झोटवाड़ा, जयपुर (शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती संतोष कंवर पत्नी श्री नरपत सिंह के पक्ष में क्षेत्रफल 190.00 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। श्रीमती संतोष कंवर पत्नी श्री नरपत सिंह ने जरिए पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.05.2019 को उक्त भूखण्ड में से दक्षिणी भाग क्षेत्रफल 95 वर्गगज श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी को विक्रय कर दिया। नगर निगम जयपुर द्वारा जरिए पत्र क्रमांक 1138 दिनांक 16.07.2020 को भूखण्ड संख्या 243 (दक्षिणी भाग) चाँद विहारी नगर झोटवाड़ा, जयपुर, क्षेत्रफल 95.00 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण पत्र श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी के नाम जारी किया गया। श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी ने जरिए पंजीकृत वसीयत नामा उक्त भूखण्ड श्री मुकेश सोनी पुत्र श्री पूनम चन्द सोनी के पक्ष में वसीयत कर दी। दिनांक 02.02.2026 को श्रीमती पुष्पा सोनी पत्नी श्री पूनम चन्द सोनी की मृत्यु हो गई। उक्त दस्तावेजो के आधार पर श्री मुकेश सोनी पुत्र श्री पूनम चन्द सानी द्वारा भूखण्ड संख्या 243 (दक्षिणी भाग) चाँद विहारी नगर, झोटवाड़ा, जयपुर (शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति) क्षेत्र 95.00 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बायत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम जयपुर

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नंबर: DEV/JAIPUR-1/TRUST/2026/1988
चूंकि प्रार्थी श्री Sanjay Kumar Jain, B-180, A-2, Mangal Marg, Bapu Nagar, Jaiur-302015 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत प्रन्यास, सर्वोदय अहिंसा, C-119, Mangal Marg, Bapu Nagar, Jaipur के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 05.06.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2070
चूंकि प्रार्थी श्री बजरंग लाल सेठिया, 14, नेहरू पथ, कृष्णा नगर-द्वितीय, लाल कोठी, जयपुर-302015 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास महाप्रज्ञ जन कल्याण केन्द्र, 14, नेहरू पथ, कृष्णा नगर-द्वितीय, लाल कोठी, जयपुर-302015 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 05.06.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2075
चूंकि प्रार्थी श्री शेर सिंह शॉप नं. 7, द्वितीय फ्लोर भगवती रेजीडेन्सी चित्रकूट कॉलोनी, झोटवाडा जयपुर 302012 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास कर्मा फाउण्डेशन शॉप नं. 7, द्वितीय फ्लोर भगवती रेजीडेन्सी चित्रकूट कॉलोनी, झोटवाडा जयपुर 302012 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 25.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 02.06.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2058
चूंकि प्रार्थी श्री AMIT GOYAL, A-476, VAISHALI NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास तिरूपति कॉलेज ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन सोसायटी A-476, VAISHALI NAGAR, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 25.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 02.06.2026
मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/2065
चूंकि प्रार्थी श्री VIRENDRA KUMAR AGARWAL, 113 CHITRAGUPT NAGAR-1 IMLI PHATAK JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अध